हिन्दी

(दूर्वा)(पाठ 14)(फूल – दिनेश कुमार)
(कक्षा 6)

प्रश्न 1:

समान अर्थवाले शब्दों को रेखा खींचकर मिलाओ

उत्तर 1:

1.रिझाना	लजाना
2.शरमाना	अच्छा लगना
3.मौज मनाना	सुगंधित होना
4.महकना	खुशी मनाना
5.भाना	आकर्षित करना

प्रश्न 2:

कविता की पंक्तियाँ पूरी करो ।

उत्तर 2:

1. छोटी–सी बगिया में देखो	कितने रंग जमाते फूल
2. इधर मटकते उधर मटकते	तनिक नहीं शरमाते फूल
3. झूम–झूम कर मौज मनाते	सबका मन बहलाते फूल

प्रश्न 3:

कविता के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो ।

1.

फूल सबका मन किस तरह मोह लेते हैं?

उत्तर 1.

फूल रंग–बिरंगे प्यारे प्यारे लगते हैं और झूम–झूम कर मौज मनाते हुए सबका मन मोह लेते हैं ।

2.

फूल किसे अपने पास बुलाते हैं?

उत्तर 2.

फूल तितली और भँवरे को अपने पास बुलाते हैं ।

3.

.फूल सबका मन कैसे बहलाते हैं?

उत्तर 3.

फूल ताथई–ताथई नाच–नाचकर और झूम–झूम कर सबका मन बहलाते हैं ।

4.

फूल सबके मन को क्यों भाते हैं?

उत्तर 4.

फूल अपने रंग और सुंदरता के कारण सबके मन को भाते हैं ।